




सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, बुधवार, 17 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 104 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया





# रांची को रामनवमी में दहलाने की साज़िश फेल किया रांची पुलिस

**रांची**: झारखंड की राजधानी रामनवमी की शोभायात्रा बुधवार को निकाली जाएगी। इसको लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। एसपी चंदन कुमार सिंह के निर्देश पर रविवार से ही शहर के वैसे इलाके जहां से रामनवमी की शोभायात्रा गुजरती है, उन इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि जिन इलाकों में पत्थर या फिर संदिग्ध चीज मिल रही है, उन इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि रामनवमी को लेकर पुलिस बेहद गंभीर है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाते या फिर माहौल बिगड़ते हुए पकड़ा






जाता है, तो वैसे लोगों को सीधे जेल भेजा जाएगा। लेकिन इसी बीच पुलिस ने एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश कर दिया। ड्रोन कैमरे में मिले पत्थरकांड की साजिश के सुराग!

एसपी चंदन कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को पुलिस की ओर से शहर के संवेदनशील इलाकों में स्थित घरों की निगरानी ड्रोन कैमरे से की गई। इसी दौरान कुल 10 घरों के छतों की तस्वीरें देख पुलिस चौंक गई। ड्रोन कैमरे के जरिए पुलिस को यह पता चला कि मेन रोड, लेक रोड और हिंदपीढी की 10 घरों की छत पर पत्थर रखे हुए हैं। कुछ घरों में तो एक जगह पर ही पत्थर जमा कर रखा हुआ मिले। इसको लेकर रांची पुलिस ने बेहद गंभीर रुख अपनाया।

देखिए रांची में ड्रोन से निगरानी का वो वीडियो10 घरों के मालिकों को भेजा गया नोटिस

पुलिस की ओर से उन 10 घर के मालिकों को चिन्हित किया गया है। उन सभी को पुलिस की ओर से नोटिस भेजा गया है। भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि वह घर की छत पर रखे पत्थरों को फौरन हटा लें। अगर वे नहीं हटाते हैं तो अगर शहर में किसी तरह का फसाद होता है और उन पत्थरों का इस्तेमाल होते पाया गया तो संबंधित घर पर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार अगर फसाद होता है तो फिर से ड्रोन के जरिए उन घरों की स्थिति देखी जाएगी। इस दौरान पत्थर कम मिले तो माना जाएगा कि फसाद में उन्हीं पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है।शोभा यात्रा के मार्ग में कड़ी निगरानी

एसपी के निर्देश पर सोमवार से इस इलाके में, जहां से रामनवमी की शोभा यात्रा गुजरती है, उन इलाकों में ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि जिन इलाकों में पत्थर या फिर कोई संदिग्ध चीज मिल रही है, उन इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि रामनवमी को लेकर पुलिस बेहद गंभीर है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।सादे लिबास में भी फोर्स को लगाया गया

रामनवमी और चैती जुलूस में सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

एससपी ने 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। इन पुलिसकर्मियों को जुलूस में शामिल लोगों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उनसे कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अगर माहौल खराब करते नजर आता है तो उसे फौरन मौके से ही गिरफ्तार कर लिया जाए।

## एक ठिकाना झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की का बताया जा रहा है। झारखंड में फिर ईडी ने ताबडतोड कार्रवाई की है,रांची समेत 9 ठिकानों पर छापामारी की गई है

संवाददाता, रांची। जमीन घोटाला मामले में रांची सहित नौ ठिकानों पर ईडी ने छापामारी की है। रिमांड पर लिए गए सद्दाम से पूछताछ में मिले इनपुट पर ईडी ने मंगलवार की सुबह छह बजे से रेड शुरू की है। एक ठिकाना झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की का बताया जा रहा है।अंतु तिर्की रांची के बरियातू में ही रहते हैं। यह जानकारी मिल रही है कि बरियातू स्थित झामुमो कार्यालय के नजदीक अंतु तिर्की के आवास में अधिकारी अंतु तिर्की से पूछताछ कर रहे



हैं। रांची के बरियातू स्थित 8.86 एकड़ जमीन हड़पने की कोशिश मामले में रिमांड पर लिए गए सद्दाम हुसैन से ईडी की पूछताछ जारी है। सद्दाम की रिमांड अवधि मंगलवार को समाप्त होगी, इसके बाद उसे ईडी की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।रांची के बरियातू स्थित 8.86 एकड़ जमीन हड़पने की कोशिश मामले में रिमांड पर लिए गए सद्दाम हुसैन से ईडी की पूछताछ जारी है। सद्दाम की रिमांड अवधि मंगलवार को समाप्त होगी, इसके बाद उसे ईडी की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।सद्दाम की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए ईडी कोर्ट से आग्रह कर सकती है। इधर, पिछले सात दिनों तक रिमांड पर चली पूछताछ में ईडी ने सद्दाम से 14 फर्जी डीड के संबंध में जानकारी लेने की कोशिश की है।

ये डीड बंगाल में बने हैं। ईडी ने सद्दाम से जानने की कोशिश की है कि उसे इन फर्जी डीड को बनाने में किसका-किसका सहयोग मिला। फर्जी डीड बनाने के मामले में कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में भी प्राथमिकी दर्ज है। उक्त प्राथमिकी 26 जून 2023 को दर्ज हुई थी।

ये हैं फर्जी डीड, जिनके बारे में सद्दाम से ईडी ने ली है जानकारी

डीड नंबर वर्ष 1155 1940 1716 1945 408 1938 1731 1943 342 1978 127 1979 619 1966 3985 1940 184 1948 31 1952 2741 1942 3219 1935 11022 1980 2376 1940

## ईडी की रेड हुई खत्म, अंतु तिर्की और बिपिन सिंह को अपने साथ ले गए

**रांचीः** जमीन घोटाला मामले में जेएमएम नेता अंतु तिर्की सहित दूसरे जमीन कारोबारियों के यहां चल रही ईडी की रेड समाप्त हो गई है. छापेमारी के बाद ईडी की टीम जेएमएम नेता अंतु तिर्की और जमीन कारोबारी बिपिन सिंह को अपने साथ ले गई है। हालांकि दोनों को डीटेन कर लिया गया है या ईडी उनका स्टेटमेंट रिकॉर्ड करने के लिए उन्हें अपने साथ ले गई है। अब तक साफ नहीं हो पाया है।



ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी में एजेंसी को कई अहम दस्तावेज और डिजिटल इक्यूमेंट मिले हैं, जिसमे जमीन घोटाले से सम्बंधित कई जानकारियां उपलब्ध है। गौरतलब है कि बुधवार की सुबह से ही ईडी के द्वारा रांची में जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और शेखर कुशवाहा के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई थी।छापेमारी लगभग 13 घंटे तक चलीईडी ने जांच में पाया है कि मो सद्दाम के साथ मिलकर विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और शेखर कुशवाहा ने बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाया था. जमीन को हड़पने की नियत से 1940 और 1970 के फर्जी डीड तैयार कराए गए थे। जांच में ईडी ने पाया है कि सद्दाम के सिंडिकेट के साथ अफसर अली भी शामिल था। वहीं विपिन सिंह बड़गाईं अंचल में जाकर जमीन के फर्जीवाड़े को अंजाम देता था।.ईडी सूत्रों के अनुसार ईडी ने जांच में पाया है कि झामुमो नेता अंतु तिर्की और मो सद्दाम के बीच पैसे की लेन देन थी. सद्दाम ने पूछताछ में जमीन के एवज में पैसे के लेनदेन की बात कबूली थी. इसके बाद अंतु तिर्की ईडी की रडार पर आए। अंतु तिर्की पूर्व में झामुमो के महानगर अध्यक्ष रहे थे। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने झामुमो छोड़ झाविमो के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। लेकिन बाद में उन्होंने झामुमो में वापसी कर ली थी।

### दिल्ली सरकार ने मुफ्त पानी देने का भ्रम पैदा किया

## दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक खुला पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक खुला पत्र लिखा है। सीएम केजरीवाल तो फिलहाल तो तिहाड़ जेल में हैं। पूर्वी दिल्ली में फर्श बाजार इलाके में पानी के विवाद में महिला की हत्या का जिक्र किया है। एलजी ने कहा कि घटना के पीछे पानी की अपर्याप्त आपूर्ति को आतिशी ने बताकर अपनी ही सरकार को दोषी ठहराया है, जो दिल्ली में नौ वर्ष से सत्ता में है।एलजी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोगों को मुफ्त पानी का भ्रम पैदा किया है। दिल्ली सरकार के मंत्री आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेल रहे हैं।सरकरा की विफलता





उनके द्वारा लिखे गए नोट से पृथम दृष्टया स्वीकार होता है कि पिछले 10 वर्षों से अपराध, निष्क्रियता और अक्षमता हो रही है। एलजी ने पत्र में लिखा कि यह यह घटना सिर्फ पहली नहीं है, पानी को लेकर इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जो मुख्य रूप से सरकार की विफलता के कारण हुई हैं।

साल दर साल बढ़ी घटनाएंसाल दर साल ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। मीडिया में भी ऐसी खबरें खूब आ रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या पिछले दशक में और ज्यादा गंभीर हो गई है, गरीब लोगों की बस्तियों में हालात ज्यादा खराब हैं।

दिल्ली विधानसभा में हाल ही आप सरकार द्वारा बजट सत्र में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने सामने आए हैं। पिछले दशक में जल उपचार क्षमता 906 एमजीडी से बढ़ाकर 946 की गई, जो सिर्फ 4.4 प्रतिशत की मामूली बढ़त है। इसी दौरान शहर की जनसंख्या में 15 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है। जल आपूर्ति में लगभग 290 एमजीडी की कमी है। कुल आपूर्ति का 120 एमजीडी पानी जमीन से निकाला जाता है। मुझे यकीन है कि आप (अरविंद केजरीवाल) जानते हैं कि सोलह रन्नी कुओं में से पांच काम नहीं कर रहे हैं। इसी तरह बड़ी संख्या में ट्यूबवेल भी खराब हैं।

### पीएमएलए कोर्ट में हेमंत सोरेन ने दायर की जमानत याचिका, कहा- मेरी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित

**झारखंड।** रांची। पीएमएलए अदालत में पेश हुए वकील अरुणाभ चौधरी द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि सोरेन के खिलाफ दर्ज मामला और गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। केंद्र सरकार प्रमुख विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और अपमानित करने की साजिश रच रही है।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। इस बीच, मंगलवार को उन्होंने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित थी। उनकी गिरफ्तारी उन्हें भाजपा में शामिल कराने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। गौरतलब है कि 31 जनवरी 2024 को कथित भूमि घोटाला मामले में ईडी ने सोरेन को गिरफ्तार किया था। सोरेन की ओर से पीएमएलए अदालत में पेश हुए वकील अरुणाभ चौधरी द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि सोरेन के खिलाफ दर्ज मामला और गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। केंद्र सरकार प्रमुख विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और अपमानित करने की साजिश रच रही है और यह गिरफ्तारी भी उसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। जिससे उन्हें भाजपा में शामिल होने या फिर एनडीए का हिस्सा बनने के लिए उन्हें मजबूर किया जा सके। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 23 अप्रैल तय की।

सात घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद



झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

**विज्ञापन**

**सोरेन सहित अन्य सहयोगियों की जमीन कुर्क**

ईडी ने हाल ही में सोरेन और उनके सहयोगियों की रांची में जमीन कुर्क की थी, जिसकी कीमत 8.86 करोड़ है। ईडी ने सोरेन के अलावा, भानु प्रताप प्रसाद, राज कुमार पाहन, हिलारियास कच्छप और बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को पीएमएलए अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था। मामले में मुख्य आरोपी झारखंड राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी और सरकारी रिकॉर्ड के संरक्षक प्रसाद हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने सोरेन सहित कई लोगों को अवैध कब्जे, अधिग्रहण से जुड़ी गतिविधियों में सहायता प्रदान करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। ईडी ने अपने आरोप पत्र में कहा कि प्रसाद एक ऐसे सिंडिकेट का सदस्य था, जो फर्जी तरीकों से जमीन हासिल करने में शामिल था। वह मूल सरकारी रजिस्टरों के साथ छेड़छाड़, सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी और फर्जी दस्तावेज बनाना शामिल था।

## एक और खुलासा ,अवैध उगाही से हो रहे है मालामाल ?,एमडीडीए के एई प्रशांत सेमवाल

**ब्यूरो रिपोर्ट -विपुल पाण्डेय**

**उत्तराखंड।**।उत्तराखंड के देहरादून से है जहा पर आपको बता दे की प्रशांत सेमवाल के काले करतूतों का लगातार खुलासा हो रहा है बावजूद वीसी साहब पर आरोप है की वो बचाने में जुटे है दरसल ऐसा हम नहीं कह रहे है बल्कि विभाग से जुडे लोग कह रहे है। आरोप है की इस समय पुरकुल और खाला में अवैध प्लाटिंग में बैकडोर से हिस्सेदारी निभा रहे प्रशांत सेमवाल मोती रकम की उगाही कर रहे है हालांकि ये महज आरोप है इसमें कितनी सत्यता है ये जांच का विषय है। दरसल ताजा मामला एक और सामने आया है जहा पर सीएम हेल्पलाइन में की गयी शिकायत में बताया गया है की मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के एई प्रशान्त सेमवाल द्वारा चकराता रोड देहरादून में जगपाल सिंह के नाम से एक मैप न0- C-0069/22-23 पास किया है। जिसमें सैट बैक कहॉ पर छोडने है वो तक नही देखा शिकायती पत्र में आरोप है प्रशांत सेमवाल द्वारा महज जेब भरी ओर नक्शा पास कर दिया । सैट बैक तो छोडिये पार्किंग देते समय भी आरोप है की महोदय ने अपनी आखे बन्द कर ली थी शायद । हमारे आर्किटेक्ट और कई विशेषज्ञों से बात करने पर पता



चला की नक्शा देखा जाए तो लगता है जैसे किसी इंजीनियर ने पास नही करके आम आदमी ने बिना ज्ञान के पास कर दिया है। किसी भी मैप में सैट बैक और पार्किंग सबसे जरूरी होती है पर एई साहब को बस पैसा दिखता है पैसे लिए ओर ऑखे बन्द की नक्शा पास कर दिया आपको बता दे की ऐसा हम नहीं कह रहे है बल्कि ऐसे कई आरोप है जो प्रशांत सेमवाल पर लगे है बडा सवाल है की ऐसे इंजीनियर को क्यो शहर के नक्शे पास करने के लिए विभाग ने जिम्मेदारी सौपी है जिनको ये छोटी छोटी चीजे तक नही पता वो नक्शा पास करने की जिम्मेदारी निभा रहे है। हालंकि सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आखिरकार ऊपर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश तो पारित कर दिए लेकिन वीसी साहब ने अभी तक भ्रष्ट अधिकारी का सेक्टर तक नहीं बदला। हम उन सभी आर्किटेक का आभार व्यक्त करते है जिन्होंने तकनिकी सहयोग करके इस भ्रष्टाचार को मिटाने का हमारे साथ संकल्प लिया है,और लगातार सहयोग कर रहे है। भ्रष्टाचार की लडाई बडी लम्बी है आपसभी का साथ जरूरी है। अगर आपके पास भी भ्रष्टाचार से जुडे कोई मामले हो तो आप हमें भेज सकते है। और हमारी मदद इस लडाई में कर सकते है हमारा सम्पर्क है 8287526017 आपकी बात गोपनीय राखी जाएगी और आप भी एक भ्रष्टाचार को खत्म करने में जिम्मेदार नागरिक बन सकते है जल्द एक और बडे खुलासे के साथ पढते रहिये भ्रष्ट एई प्रशांत सेमवाल की काली करतूतों के काले कारनामें।

# फैमिली वोटिंग के संदेश वाली लघु फिल्म" उड चली.. "का हुआ लोकार्पण

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने किया लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित विविध मतदाता जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण




**रांची।**इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गई है। मतदान की अवधि पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक है। जो भी मतदाता अपराह्न 5.00 बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध रहेंगे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बडा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुडे हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। वैसी सेवाओं को 'आवश्यक सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन सभागार से लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरूकता सामग्रियों के लोकार्पण कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। झारखण्ड के हर वर्ग तक निर्वाचन की अहमियत पहुँचे, लोग जागरूक बनें और मतदान में बढ चढकर भाग लें इसके लिए जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया जा रहा है।

**इन सामग्रियों का हुआ लोकार्पण**

**लघु फिल्म उड चली**

इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनाई गई लघु फिल्म उड चली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रिलीज किया गया। जिसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्व को बताया गया है। साथ ही परिवार गढने से पहले देश गढने की बात कही गयी है। इस फिल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

झारखण्ड की 8 स्थानीय भाषाओं में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के डिजाइन का हुआ लोकार्पण

भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" इस नारे को झारखण्ड की 8 भाषाओं, यथा, नागपुरी, कुडुख, हो, खडिया, कुडमाली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से संबंधी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है जिससे उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुँच सके।

**"चुनाव कर परब, देस कर गरब" नागपुरी गीत**

स्तानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी भाषा के वीडियो सॉन्ग "चुनाव कर परब, देस कर गरब" को भी रिलीज किया गया। यह गीत किसान, बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए इसमें उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्वाचन संबंधी कॉलर टयून एवं रिंगटोन**

इस अवसर पर निर्वाचन हेतु जागरूकता के लिए उड चली लघु फिल्म के एक गीत को लिया गया है। जिसमे सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर मतदान करने के संदेश को बताया गया है साथ ही इस बार दिन भर मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक के निर्वाचन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

**कॉफी टेबल बुक का अनावरण**

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आड्रे हॉउस में आयोजित कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा बनाये गए कलाकृतियों का फोटोग्राफ्स कॉफी टेबल बुक के रूप में बनाया गया है। जिसका विमोचन किया गया।

**"इस बार दिन भर मतदान" स्लोगन**

झारखण्ड में इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदात अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के ध्येय से मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा "इस बार दिन भर मतदान, सुबह सात से पाँच बजे शाम" नारे का भी लोकार्पण हुआ।

होम वोटिंग एवं मीडिया के लिए पोस्टल बैलेट से संबंधित वीडियो

मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो ट्यूटोरियल

आई-भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुडी सभी प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी देने वाले वीडियो सीरीज में 85 वर्ष से अधिक के अथवा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केंद्र आने में असक्षम हैं उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है इसके बारे में बताया गया साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगें वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें इसकी भी जानकारी दी गयी।

लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी देव दास दत्ता ने किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोडा, ओ एस डी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क आनंद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उड चली लघु फिल्म के निर्देशक सैकत चटर्जी, नागपुरी गीत के गीतकार एवं गायक सुनील कुमार एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

# जे०वी०एम, श्यामली में कक्षा दसवीं के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम




**रांची।**हर बच्चे के लिए दसवीं कक्षा एक अहम् पडाव है। इसे पास करने के लिए सुनिश्चित योजना और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिसमें अभिभावक और शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। अच्छी शिक्षा और संस्कारों के बिना बच्चे के सर्वांगीण विकास की कल्पना संभव नहीं है। आपाधापी भरी जिंदगी में लोग गुणात्मक शिक्षा और संस्कारों के प्रति उतने सचेत नहीं हो पा रहे हैं जितना वास्तव में होना चाहिए। ऐसे में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में कक्षा दसवीं के छात्रों के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विद्यालय काउंसेलर श्रीमती श्रीलेखा मेनन थीं जिनके व्याख्यान का मुख्य विषय था - दसवीं के छात्रों का पैरेंटिंग कैसे करें ? इन्होंने ऑडियो-वीडियो क्लिप और स्लाइड के जरिये बच्चों के मनोविज्ञान, उनकी आदतों व स्वभाव से अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर, उसे सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। उस पर अपनी इच्छा या कमी को न थोपें। आगे उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की उचित देखभाल की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में छात्र-छात्राएँ अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं इसलिए उनपर से निगाहें हटानी नहीं चाहिए। उनके भविष्य संवारने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का पूरा सहयोग भी महत्त्वपूर्ण होता है। अतः समय-समय पर विद्यालय आकर बच्चे के प्रोग्रेस की जानकारी लेते रहें।

प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बच्चेअपना स्क्रीन टाइम को कम करें और पढ़ने के समय अभिभावक उनके पास बैठें। बच्चों को कोचिंग के भरोसे ना छोड़े और यह देखें कि बच्चों को सेल्फ स्टडी का कितना समय मिल पा रहा है। पाँच-छः घंटे की सेल्फ स्टडी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी।

विद्यालय की कार्यकम समन्वयिका श्रीमती सुष्मिता मिश्रा ने पूर्ववर्ती छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा की जिन छात्रों को उनके रुचि के अनुसार विषय को पढ़ने का अवसर प्रदान किया गया वे आज उच्च से उच्चतम शिखर पर विराजमान है। विद्यालय का एक बच्चा जो होटल मैनेजमेंट करना चाहता था, उसके पिता ने यह कहकर उसे मना कर दिया कि तुम्हें वेटर बनना है, परिणामतः वह कक्षा 11वीं में फेल कर गया। साइंस पढने के बाद पुनः उस बच्चे को आर्ट्स पढ़ने का अवसर दिया गया और वह आज प्रख्यात होटल मैनेजमेंट में डायरेक्टर है। माता-पिता का सहयोग और समर्थन बच्चे के भविष्य सुनिश्चित करती है अतःअभिभावक का यह दायित्व है कि वे बच्चों को समय दें और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे पल्लवित होने का अवसर प्रदान करें।

दयानंद प्रेक्षागृह में उपस्थित अभिभावक अपने बेटे-बेटियों के भविष्य संवारने में शिक्षकों की भूमिका की प्रशंसा कर रहे थे। अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई उपाय भी सुझाए। उन्होंने माना कि बच्चों की तरक्की का रास्ता संवाद-सेतु से ही निकलेगा।

मौके पर माध्यमिक विभाग के प्रभाग-प्रभारी शीलेश्वर झा 'सुशील', लिपिका कर्मकार सहित शिक्षक गण मौजूद थे।



**रांची।**पार्टी के उपाध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन से श्री श्री महावीर मंडल रामनवमी मेला स्थल, निवारणपुर एवं बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। ।पार्टी के उपाध्यक्ष सह मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से श्री श्री महावीर मंडल रामनवमी मेला स्थल, निवारणपुर एवं बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रामनवमी उत्सव के अवसर पर तपोवन मंदिर तथा अल्बर्ट एक्का चौक में बंगाली युवा मंच द्वारा आयोजित रामनवमी उत्सव पालन एवं सेवा कार्य स्थल में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य, अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, श्री श्री महावीर मंडल रामनवमी मेला स्थल, निवारणपुर के संरक्षक राजीब चटर्जी, सचिव राजीव रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संविधान उप समिति की बैठक




**रांची।**फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संविधान उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में संपन्न हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और संविधान समिति के चेयरमेन ललित केडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में पिछली आमसभा में सदस्यों की ओर से विचार के लिए स्वीकृत किये गये प्रस्तावों के अलावा चैंबर की बेहतरी से जुडे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और इन बिंदुओं को चैंबर के लिए अनुकूल माना गया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर के बढते विस्तार तथा लोगों की बढती अपेक्षा को देखते हुए संविधान में संशोधन की आवश्यकता प्रतीत हो रही है ताकि समय के अनुसार हमारा चैंबर और अधिक सषक्त बन सके।

बैठक में उप समितियों की संख्या सीमित करने पर जोर दिया गया। यह भी प्रस्तावित किया गया कि उप समितियों के चेयरमेन का चयन कार्यकारिणी समिति के सदस्य की भाँति नॉमिनेशन के आधार पर किया जाय। पद रिक्त होने की स्थिति में ही कार्यकारिणी समिति के पास संबंधित उप समिति के चेयरमेन के मनोनयन का अधिकार होगा। कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव हेतु राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में मतदान की सुविधा विकसित करने की मांग पर भी सार्थक चर्चा की गई जिस क्रम में सदस्यता संख्या के आधार पर प्रमंडलों में चुनाव कराने की सहमति बनी। यह तय किया गया कि संविधान समिति की अगली बैठक में यह आंकडा निर्धारित किया जायेगा कि कितनी संख्या होने पर ही प्रमंडलों में चुनाव कराने की सुविधा दी जायेगी।

नामांकन भरने के समय आवदेक के डिन नंबर की अनिवार्यता से होनेवाली कठिनाई पर भी विचार किया गया। यह सहमति बनाई गई कि कंपनी लॉ की जानकारी लेकर विशेषज्ञों की राय से इसपर भी उचित निर्णय लिया जायेगा। यह तय किया गया कि संविधान समिति द्वारा सभी प्रस्तावों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष के.के साबू, ललित केडिया, पवन शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 अभिषेक रामाधीन उपस्थित थे।

परेश गट्टानी विकास विजयवर्गीय

महासचिव प्रवक्ता

# स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन रवाना

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी देकर किया रवाना**

**वैन के माध्यम से वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को चुनाव संबंधी दी जायेगी जानकारी**



**रांची।**आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कडी में आज दिनांक 16 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिनहा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी, रांची विधानसभा श्री उत्कर्ष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कडी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची के सामान्य निवासी जिनकी उम्र 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो गई है, वो अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को देना होगा या वो वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी फॉर्म-6 भरकर आवेदन दे सकते हैं।

## गढवा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर भी 89वां स्थान हासिल किया है




**रांची।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन ने सिविल सर्विस एग्जाम 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। झारखंड के भी कई परीक्षार्थियों ने भी इस कठिन एग्जाम को पास कर लिया है। उसमें गढवा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर भी शामिल हैं। जिन्होंने 89वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी 2023 की परीक्षा पास कर ली है। उनको 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदास्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।

आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है, अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या रेड्डी को दूसरी रैंक मिली है। यूपीएससी फाइनल रिजल्ट 2023 में 1016 उम्मीदवार क्वालिफाई हुये हैं। यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 28 मई, 2023 को आयोजित की गई थी। 15, 16, 17, 23 और 24 सितंबर, 2023 को आयोजित मुख्य परीक्षा ली गई थी। 2 जनवरी से 9 अप्रैल के बीच (तीन चरणों में) इंटरव्यू हुये थे

## रामनवमी पर राँची जिला में ड्राई डे

**रांची।रामनवमी के अवसर पर दिनांक 17.04.2024 को राँची जिला में ड्राई डे रहेगा।**

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची के निदेशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। 17 अप्रैल 2024 को जिला में सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित, थोक बिक्री परिसर (JSBCL), सभी देशी/विदेशी शराब के विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बन्द रहेंगे तथा किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा।

निरीक्षक उत्पाद/सभी अवर निरीक्षक उत्पाद एवं मानव प्रदाता कम्पनी, राँची को अपने-अपने क्षेत्र/अंचल स्थित सभी खुदरा उत्पाद दुकानों को सीलबन्द सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही डोरन्डा, हिनू, धुर्वा, हिन्दपीड़ी, सुखदेवनगर, बरियातु, कोकर जतराटांड़ थाना क्षेत्र में कड़ी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुये सघन गश्ती एवं छापामारी करने का भी निदेश दिया गया है ताकि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो।

## राजधानी रांची के कई जगहों पर ईडी ने की नेताओं के यहां ईडी ने तो दविश

**रांची**: राजधानी रांची के कई जगहों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार ईडी की अलग अलग टीम रांची के बरियातू, तुपुदाना, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में एक साथ छापेमारी कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की समेत अन्य नेताओं के यहां भी छापेमारी कर रही है। रांची में कुल 9 जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मामले में गिरफ्तार सद्दाम से रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद ही ईडी ने अंतु तिर्की सहित कई अन्य के यहां छापमेरी की गई है। बता दें कि राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने बीते साल कार्रवाई की थी।



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने मतदाता जागरूकता संबंधित विभिन्न जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण एवं विमोचन किया।

# विनोद सिंह की जमानत पर 18 अप्रैल को होगी सुनवाई




**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बडगाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

# रामनवमी को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च किया रांची पुलिस ने



**रांची।** रांची पुलिस ने अल्बर्ट एक्का चौक से रामनवमी को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट, एकरा मस्जिद, कर्बला चौक, चर्च रोड तक गया। इस दौरान कई थानों के प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

रांची पुलिस ने रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। त्योहार में कोई गड़बड़ी न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है।

सुरक्षा को लेकर चार आईपीएस, 10 डीएसपी, 300 दरोगा, 30 इंस्पेक्टर सहित तीन हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

इसके अलावा रामनवमी जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गयी है। रांची पुलिस ने लोगों से शातिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता पाया गया तो उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर साइबर सेल नजर रख रही है। साथ ही सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।



**रांची** ।विशेष शाखा,मुख्यालय, रांची में चालक आरक्षी संजय सिंह के आकस्मिक निधन हो जाने के उपरांत एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष शाखा के पुलिस महानिरीक्षक प्रभात कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक कार्तिक एस,पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, सार्जेंट मेजर अभिनव कुमार सहित एसोसिएशन के अध्यक्ष ,मंत्री ,मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे, शोक सभा में मृतक के आत्मा की शांति के लिए 02 मिनट का मौन सभा का आयोजन किया गया, एवं मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

# श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की महा अष्टमी शोभा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ निकल गया

**लव कुश की गाथा एवं सीता गमन महिषासुर वध**





मिस कोट मैदान के द्वारा आकर्षक चंदन नगर के लाइट लगाई गई डोरंड

रांची।श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की महा अष्टमी शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई शोभा यात्रा संध्या संध्या 7:00 बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई पहले घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल विद्युत बोर्ड कॉलोनी कुम्हार टोली 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड, होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर, के पास भवानीपुर का मिलन हुआ वहां से bns क्लब कन्या पाठशाला होते हुए रविदास मोहल्ला होते हुए मिस्त्री मोहल्ला होते हुए यूनिसेफ पहुंचा जहां पर बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ तीसरा एजी कॉलोनी से शोभायात्रा निकाली गई जो जेएमजे, मुंशी मोहल्ला, स्टाफ क्वार्टर, होते हुए ए जी मोड़ से मिसकोट मैदान कटहल मोहला झंडा चौक बाजार मोहल्ला को लेते हुए मस्जिद रोड से यूनिसचौक पहुंची जहां पर बेलदार मोहला वह लेते हुए जैन मंदिर जैन मंदिर से तुलसी चौक में घाघरा शोभा यात्रा का मिलन होते हुए श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्याय समिति में पहुंचकर पूजा अर्चना के तद पश्चात सभी अखाड़े धारी अपने अपने विभिन्न परंपरागत मार्गो से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर गए महा अष्टमी पर महिषासुर वध लव कुश की गाथा एवं सीता गमन का मंचन किया गया साथ ही राम दरबार सीता हरण सहित विभिन्न तरह के आकर्षण मंचन का दर्शन कराया गया शोभा यात्रा में बजरंगबली के जयकारों के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया गया हजारीबाग और झालदा धनबाद बोकारो से आए ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा आज के इस महा अष्टमी के शोभा यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई डोरंडा के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया शोभा यात्रा में राम भक्त अस्त्र का प्रदर्शन करते हुए बजरंगबली के जयकारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए संध्या 7:00 बजे से निकली शोभा यात्रा सवेरे तक अपने विभिन्न मार्ग से होते हुए मंदिर में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बाकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अखाड़े को नगद और ट्रॉफी लेकर सम्मानित किया गया।

इस शोभा यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता मनोज वर्मा सुरेश प्रसाद राकेश पाल अंकित सिंह उमेश बर्मन मनोज नायक योगेश्वर दुबे दीपक राम अलख निरंजन दीपू वर्मा जयदेव घोष शुभम वर्मा बिट्टु रोहित ठाकुर मुकेश ठाकुर महेश विजय शंभू गुप्ता शुभम श्रीवास्तव संजय वर्मा रमेश गुप्ता डिंपल नाग अनिल प्रधान रवि साव संतोष कुमार राज कुमार सीन्टू रवि साव।

## यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव का झारखंड से भी है कनेक्शन



**रांची।** यूपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को जारी किया। इस सिविल सर्विस परीक्षा में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रहने वाले आदित्य श्रीवास्तव ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, अनिमेष प्रधान ने दूसरा और डोनुरू अनन्या रेड्डी को तीसरा स्थान मिला है।यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का टॉपर आदित्य श्रीवास्तव का झारखंड से गहरा नाता रहा है। इनके दादा शिवराम श्रीवास्तव राजधानी रांची स्थित इंद्रपुरी में रोड नंबर एक में रहते थे। इस दौरान टॉपर आदित्य श्रीवास्तव के पिता अजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ दीपक की नौकरी लखनऊ में लग गई। इसके चलते उनका पूरा परिवार लखनऊ में जाकर शिफ्ट हो गया।

आदित्य श्रीवास्तव का ननिहाल रांची के हरमू में है। उनके पड़ोसी नवेंदु उन्मेष ने बताया कि यहीं पर उनका मकान था, लेकिन पांच साल पहले यहां से मकान बेचकर परिवार लखनऊ चले गए।

आदित्य श्रीवास्तव को मिली थी 485वीं रैंकवर्तमान समय में यूपीएससी परीक्षा में परचम लहराने वाले आदित्य श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ निवासी हैं। उन्होंने लखनऊ के सिटी मोंटेसरी स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की है।

इससे पहले आदित्य श्रीवास्तव ने 2021 में यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की थी। उस वक्त उन्होंने 485वां स्थान पाया था। वह वर्तमान समय में हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहे हैं। 2022 में उनका चयन आईपीएस में हुआ था।

## अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का शहादत दिवस सादगी के साथ मनाया गया



**रांची।** प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सिपाही विद्रोह के जननायक अमर सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का शहादत दिवस अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ के प्रांगण में पूर्वाह्न 10:00 बजे बहुत सादगी के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। श्री राम शाहदेव ने अपने संबोधन में कहा की अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 16 अप्रैल 1858 को रांची जिला स्कूल के समक्ष कदम के वृक्ष की डाली पर प्रातः 5:30 बजे अंग्रेजों द्वारा उनको फांसी पर लटका दिया गया था । इनकी पूरी बड़कागढ़ ईस्टेट को अंग्रेजों ने अपने अधीन कर ली । ठाकुर का गढ़ हटिया स्थित चिरनागढ़ को तोप से मारकर ध्वस्त कर दिया गया । इनकी धर्मपत्नी और एकमात्र पुत्र को मारने का ब्रिटिश सरकार ने षड्यंत्र रचा । जिसके परिणाम स्वरूप ठकुरानी को गढ

## जीत के लिए संकल्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ता: सुदेश महतो



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीतने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बडा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है।

आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मंगलवार को बुंडू में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तमाड विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। यह कार्यालय क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा कार्यरत रहेगा। तमाड विधानसभा क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लगना है। पार्टी ने पूरे राज्य में ग्राम प्रभारी सुनिश्चित किया है। हर गांव में महिला और पुरुष प्रतिनिधि बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। बुंडू, तमाड और अडकी क्षेत्र में भी इस काम को पूरा कर लिया गया है अब तय समय के अंदर चूल्हा प्रमुखों के चयन के दायित्व को भी आप सभी पूरा करें।सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के साथ ही आने

## अफसर अली छह दिनों की ईडी की रिमांड पर




**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में जमीन कारोबारी अफसर अली को ईडी ने गिरफ्तार किया है। हालांकि जमीन से जुड़े एक अन्य मामले में ईडी ने अफसर अली को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था । ईडी कोर्ट के आदेश पर फिर से ईडी ने मंगलवार को अफसर अली को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के बाद इडी ने उससे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।

इससे पूर्व जमीन घोटाले मामले में इडी ने मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर कई दिनों तक पूछताछ की है। इसमें ईडी को कई जानकारी मिली हैं। सद्दाम ने ऐसे 11 डीड (रजिस्ट्री के दस्तावेज) के फर्जीवाडे की पुष्टि की है जो कोलकाता के बताये जा रहे हैं। जमीन कारोबारी अफसर अली से छह दिनों तक रिमांड पर होगी पूछताछ।

## नीरज ठाकुर को झारखंड एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया






**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव का सबसे चहेता गुर्गा नीरज ठाकुर को झारखंड एटीएस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। नीरज कई जिलों की पुलिस का वांटेड था। जानकारी के मुताबिक नीरज ठाकुर को रांची से ही गिरफ्तार किया गया है। झारखंड के संगठित अपराधी गैंग्स के खिलाफ झारखंड एटीएस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में एटीएस की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के फाइनेंस मैनेजर कहे जाने वाले नीरज ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। नीरज ठाकुर पिछले दो साल से फरार चल रहा था। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीरज ठाकुर के पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं।

एटीएस को सूचना मिली नीरज पिठोरिया इलाके में देखा गया अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद गैंग के संचालन नीरज ठाकुर कर रहा था। नीरज पर कई मामले दर्ज हैं। एटीएस की टीम लंबे समय से नीरज ठाकुर को तलाश रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि नीरज रांची के पिठोरिया इलाके में देखा गया है जिसके बाद एटीएस ने अपना जाल बिछाया और नीरज को पकड लिया।जानकारी के मुताबिक जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव द्वारा की गयी सारी कमाई लेखा-जोखा नीरज ही रखता था। अमन श्रीवास्तव से जुडे किन लोगों को कितना पैसा देना है या फिर परिवार वालों को कैसे पैसा पहुंचना है, सारा अरेंजमेंट नीरज ठाकुर ही करता था। बता दें कि 2023 के जून महीने में महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से झारखंड एटीएस की टीम ने श्रीवास्तव गैंग के सरगना अमन श्रीवास्तव को वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया।

## कांग्रेस ने और 3 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किया झारखंड में







**रांची।** कांग्रेस ने झारखंड के तीन और लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। गोड्डा, चतरा और धनबाद सीट से अपने उम्मीदवार के नामों का एलान कर दिया है। गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

दीपिका पांडेय वर्तमान में महगमा विधानसभा से कांग्रेस की विधायक हैं। गोड्डा में उनका मुकाबला भाजपा केमौजूदा सांसद निशिकांत दुबे के साथ होगा। वहीं, केएन त्रिपाठी डाल्टेनगंज से पूर्व विधायक रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के कालीचरण सिंह से है। वहीं, अनुपमा सिंह कांग्रेस के बेरमो से विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह की पत्नी हैं। धनबाद में उनका मुकाबला भाजपा के के ढुल्लू महतो से हैगौरतलब है कि कांग्रेस खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। खूंटी लोकसभा सीट से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग संसदीय सीट से जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस को सात सीटों पर उम्मीदवार देना है। अब केवल रांची सीट पर पार्टी ने अभी तक उम्मीदवार का चयन नहीं किया है।

## बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा




**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस चुकी हैं। इंडी गठबंधन 21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली के माध्यम से झारखंड में शंखनाद करेगा। वहीं जेएमएम केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में चौथे चरण में चुनाव होना है। सिंहभूम, लोहरदगा, पलामू और चतरा लोकसभा इलाकों के मूलवासियों ने मूड बना लिया है। बीते दस सालों तक बीजेपी के जनप्रतिनिधियों का जो व्यवहार रहा अपने क्षेत्र को लेकर, उसने उन्हें निराश किया और उसी का आक्रोश निकल कर बाहर आ रहा है। राजस्थान के सीएम का भाषण हम लोगों ने सुना और लोगों को रोकने के लिए हिंदू और महादेव की सौगंध दी जा रही है। अब भ्रष्टाचार पर सवाल नहीं हो रहा है और घोषणा पत्र से यह मालूम चल गया है कि एनडीए की विदाई देश से तय है।

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं, यूसीसी पर जा रहा डराया: जेएमएम**

राज्य के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डर गये हैं और अब न्याय उलगुलान के प्रति बोल रहे हैं। बीजेपी के घोषणा पत्र से रोजगार गायब है। देश में ओलंपिक का आयोजन अगर चुनावी मुद्दा है, तो अन्य समस्याओं पर कौन बात करेगा। हम बात मुद्दे की कर रहे हैं और यह बात धर्म की कर रहे हैं। अगर धर्म पर बात करनी है तो आदिवासी सरना धर्म कोड क्यों नहीं। यूजीसी पर डराने की धमकी दी जा रही है। इंडी गठबंधन के सभी लोग आ रहे हैं और सभी जानते हैं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ है। बीजेपी खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे का काम कर रही है।

**नजरूल हसन के बोलने पर बीजेपी कर रही इतना बवाल**

नजरूल हसन का बचाव करते हुए जेएमएम ने कहा कि बहुत तरस आता है बीजेपी की सोच पर। हमारे कार्यकर्ता हैं वह चुनाव सभा में ऐसी बात बोले, चुनावी सभा में राजनीति की बात होती है। संसद के सेशन में पीएम ने कैसे बोल दिया कि 400 के पार। उसी पर हमारे कार्यकर्ता ने कहा बीजेपी 400 नीचे चली जायेगी। उनके कहने का मतलब था कि राज्य में सभी सीटों पर इंडी गठबंधन जीतेगा। यह नजरूल क्यों बोलेगा, इसको लेकर बहस बीजेपी कर रही है। अगर यही बात सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद पांडेय बोलते, तो बहस नहीं होती।

## ईडी ने रांची में एक बार फिर दी दबिश, जेएमएम नेताओं के छापेमारी




**रांची:** राजधानी रांची के कई जगहों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार ईडी की अलग अलग टीम रांची के बरियातू, तुपुदाना, मोरहाबादी और पंडरा इलाके में एक साथ छापेमारी कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की समेत अन्य नेताओं के यहां भी छापेमारी कर रही है। रांची में कुल 9 जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मामले में गिरफ्तार सद्दाम से रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद ही ईडी ने अंतु तिर्की सहित कई अन्य के यहां छापमेरी की गई है। बता दें कि राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने बीते साल कार्रवाई की थी।

अलग पहचान



## मॉक पोल से लेकर पोलिंग पार्टी के निकलने तक का माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण






**धनबाद।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक, उनके दायित्व का प्रशिक्षण दिया।
प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनका दायित्व समझाते हुए उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीन-तीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस करके प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक-एक मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निर्देशानुसार समय पर मतदान शुरू कराएंगे। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एक-एक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे।
वहीं एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ ही आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है।
उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम को क्लोज करते ही समय अंकित हो जाएगा। इसलिए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि से पहले मतदान की प्रक्रिया को बंद नहीं करना है।
उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें।
प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री दिलीप कुमार कर्ण एवं श्री राजकुमार वर्मा ने चुनाव के दिन माइक्रो ऑब्जर्वर के विशेष 18 दायित्व पर प्रशिक्षण दिया।
इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसएलआर संतोष गुप्ता के अलावा माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

## एक्सक्लूसिव : अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष, संपूर्ण बेरमो क्षेत्र में खुशी की लहर

**अनुपमा के लिए यह पहला चुनाव पर एमपी के लिए मारी डायरेक्ट इंट्री**

**राहुल गांधी की न्यायिक यात्रा में खुली जीप में सवार होकर आयी लाइमलाइट में**





**बोकारो (प्रमोद एस) :** बेरमो के युवा विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद संसदीय लोकसभा का कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर संपूर्ण बेरमो क्षेत्र के कांग्रेसियों में हर्ष है। अनुपमा कोयलांचल के प्रसिद्ध मजदूर नेता इंटक, स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्रवधू हैं। हालांकि राजनीति में अनुपमा का बहुत ज्यादा अनुभव नहीं है मगर पति अनूप सिंह का पूरा समर्थन उनको मिलेगा। चंद्रपुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, कृष्णा सिंह, मोहम्मद सलीम आदि ने अनुपमा को प्रत्याशी बनाए जाने का स्वागत किया है और दावा किया है कि धनबाद क्षेत्र में इस बार कांग्रेस का परचम लहराएगा। और अनुपमा सांसद बनकर दिल्ली जाएगी।

अनुपमा के लिए यह होगा पहला चुनाव

अनुपमा सिंह के लिए यह पहला चुनाव होगा। अभी तक उन्होंने कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। हां, अभी हाल में राहुल गांधी की न्यायिक यात्रा में अनुपमा शामिल अवश्य हुई थी और राहुल के साथ खुली जीप में अपने देवर कुमार गौरव के साथ सवार थी। अनुपमा नहीं पूरा मोर्चा संभाल रखा था इस न्यायिक यात्रा में विधायक अनूप सिंह शामिल नहीं हो पाए थे।

## धनबाद।प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 16 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।
रैली प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय से प्रारंभ होकर कुम्हार टोला पहुंची वहां से मस्जिद ओला होते हुए लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। यह रैली बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316 एवं 317 क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए आगामी 25 में को मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निकल गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वाइप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम अपूर्ण बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394 एवं 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षक गण सहित क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।*

## आपातकालीन परिस्थिति में दो यूनिट रक्त उपलब्ध करा कर समर्पण एक नेक पहल संस्था ने बचाई मरीज की जान




आज के समय में लगातार ज़न हित के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल प्रत्येक दिन ज़रूरतमंद लोगों को अपनी सेवा प्रदान कर रही हैं जिससे सबसे ज्यादा लाभ रक्त से संबंधित मरीजों को मिल रहा हैं।
गोविंदपुर, धनबाद के वरदान हॉस्पिटल ईलाजरत 45 वर्षीय मरीज मंजू दास के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी आनन-फानन में घर वालों ने एक यूनिट रक्तदान किया लेकिन मरीज के शरीर में रक्त की बहुत कमी होने के कारण डॉक्टर ने दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त और व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, इस बात की सूचना मरीज के परिजन ने दिनांक 14 अप्रैल सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के ज़िला अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल को दी उन्होंने बिना समय गंवाए श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए एक यूनिट रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड सेंटर द्वारा मरीज को रक्त प्रदान कर दी गई और दिनाँक 15 अप्रैल को फिर से एक यूनिट रक्त संस्था के द्वारा श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई गई, इस प्रकार कुल दो यूनिट रक्त जरुरतमंद मरीज को संस्था के द्वारा उपलब्ध कराई गई, मरीज की तबीयत में पहले से अब काफी सुधार आई हैं और संस्था ने आगे भी जरूरत पड़ने पर मदद करने की बात कही हैं

## बीडीओ ने अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की



**बलियापुर :** उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा बलियापुर प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुको के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे हैं जिनको बार-बार कहने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। ऐसे लागू को की सूची मांगा गया है ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निदेश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार एवं पूजा वर्मा, प्रखंड आवास समन्वयक और 15वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम।

## तीसरा थाना प्रभारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया




तिसरा।एमओसीपी स्थित किड्स गार्डन स्कूल में सामाजिक संस्था अस्तित्व धनबाद की ओर से मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों व आसपास के लोगों को चुनाव के महत्व व मतदान का अधिकार को विस्तार से बताया कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र का निर्माण करता है अपने घर के आसपास रहने वाले परिजन जिनका मतदाता सूची में नाम है उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें कई लोग मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करने में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं इससे क्षेत्र में गलत प्रतिनिधि का चयन हो जाता है मतदान करना सभी मतदाताओं का मौलिक अधिकार है मतदान अधिक से अधिक करने से स्वच्छ समाज व लोकतंत्र के निर्माण में मदद मिलता है थानेदार सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी भी दी कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाये,वाहन हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर ही चलना चाहिए जिससे दुर्घटना कम होती है साथ ही वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस इंश्योरेंस के कागजात ऑनर पेपर प्रदूषण पेपर साथ में रखें अन्यथा भारी जुर्माना का भुगतान करना पड़ता है सभी विद्यार्थी मेहनत से कभी नहीं घबरावे मेहनत से हर मुकाम पाया जा सकता है विद्यार्थी हमेशा लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े सफलता जरूर मिलेगा इस दौरान थाना प्रभारी ने करीब 5 गरीब बच्चों को किताब अपने सौजन्य से किताब कॉपी उपलब्ध करवाया.साथ ही अन्य कल्याणकारी कार्य मैं मदद का भरोसा अस्तित्व संस्था को दिया इस दौरान अस्तित्व सामाजिक संस्था की ओर से तीसरा थानेदार सुमन कुमार को क्षेत्र में बेहतर विधि व्यवस्था वह अवैध सवाल शराब के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर शॉल व बुके देकर सम्मानित किया.मौके पर अध्यक्ष टिंकू कुमार निषाद सचिव दीपक कुमार चौहान कोषाध्यक्ष श्याम कु बाउरी सदस्य विजय कु रजवार, उमेश पाण्डेय. राजकुमार, ज्योति कुमारी, महेन्द्र बाउरी, अमोद ठाकुर, उमेश मोदक, सुनील मल्लाह, अविनाश मल्लाह, जयदेव कालिंदी, बिश्वनाथ बाउरी, पंकज रजवार आदि थे.

# सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरुकता के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार धनबाद जिला अंतर्गत सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत माइंस के अधिकारी एवं कर्मियों के बीच मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।
मौके पर टासरा ओपन कास्ट माइंस के पदाधिकारी, वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी, समेत ओपन कास्ट

## स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों ने झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण

**झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के वोटरों को दिलाई गई मतदाता शपथ छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया**



**धनबाद।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन के ने कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया।
इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं



शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग,जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।
साथ ही स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा ऑन द स्पॉट कई लोगों का फॉर्म 6 भी भरा गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया।
मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सुश्री विनीता कुमारी समेत बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य मौजूद रहें।

## डैफोडिल्स ,करकेंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित





धनबाद। करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स बचपन एवं डैफोडिल्स एकाडेमी में धूमधाम से पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली, थाना प्रभारी ,पुटकी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात किया गया। विद्यालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी, मुख्य अतिथि को माला पहनाकर एवं श्वास भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय छात्र-छात्राओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सत्र 2023-2024 में वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रत्येक वर्ग में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय छात्र-छात्राओ को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली ने विद्यालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी, शिक्षक- शिक्षिकाओ की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद दिए। छात्र-छात्राओ को उनके कर -कमलो द्वारा पुरस्कार दिया गया। उन्होने शिक्षा पर अपना विचार व्यक्त किए जो काफी प्रशंसनीय था। उन्होने सुरक्षा सबंधित हर प्रकार की सहयोग करने का बात कहा। मंच का संचालन विद्यालय शिक्षक देवाशीष मुखर्जी एवं प्रमोद सिन्हा कर रहे थे। इस अवसर पर सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले तीन शिक्षको मे देवश्री नाहा, श्वासत रंजन कर एवं अनिल सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्राचार्य, श्री बनर्जी विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय चंडी चरण बनर्जी, भूतपूर्व, गणित शिक्षक, पुटकी उच्च विद्यालय, पुटकी को याद किए एवं छात्र-छात्राओ का उज्वल भविष्य की कामना किए। उन्होने इस अवसर पर यह घोषणा किए कि इस सत्र में विद्यालय में नामांकन लेनेवाले छात्र-छात्राओ की नामांकन शुल्क में विशेष छुट दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओ में देवाशीष मुखर्जी, प्रमोद सिन्हा, चंदन पासवान, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा,अनिल सिंह, एस.आर कर, कविता दत्ता, झूमा दत्ता, संजय दत्ता, उषा, शशि गुप्ता, करुणा चंद्रा, डोली सिंह, सहर, आरजू, शिल्पा, ईकवाल, रंजीत घोष, अरिंदम,बनमाली , सुमन सिंह, उमेश मिश्रा, प्रिती आदि का योगदान सराहनीय रहा। अंत मे विद्यालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह के समापन की घोषणा की।

अलग पहचान



# महागौरी के रूप में किया कन्या पूजन, देवी मंदिरों में लगाया भोग, हवन यज्ञ जागरण व भंडारे आयोजित

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** जिले में दुर्गाष्टमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया । लोगों ने भजन-कीर्तन कर मां भगवती के आठवें रूप देवी महागौरी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की तथा घरों में कन्याओं के चरण प्रक्षालन व पूजन करते हुए भोजन व उपहार देकर व्रत पारणा किया। रात्रि में अनेक स्थानों पर देवी जागरण में भी श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया।



इस दौरान सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड उमडी तथा मंदिर देवी के जयकारों व घंटे-घडियालों से गूंज उठे।मंदिरों में देवी का भजन-कीर्तनों के साथ गुणगान किया गया। समाज सेविका मनोरमा श्रोती समेत कई महिलाओं ने महागौरी की पूजा अर्चना की और कन्याओं को भोजन कराया।

अमीनगर सराय में सहस्र चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड रही।नगर के पक्का घाट मंदिर, बाबा जानकीदास मंदिर, ठाकुरद्वारा के राधा-कृष्ण दामोदरचन्द महाराज मंदिर, पंजाबी हनुमान मंदिर, मेरठ रोड के शिव मंदिर, पुराने कस्बे के बागेश्वर मंदिर, पिपलेश्वर मंदिर, शिव शक्ति धाम मंदिर कलक्ट्रेट तथा शुगर मिल कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।

खेकडा के बाबा काले सिंह पर माता रानी की सिद्ध पीठ, बडागांव में आस्था का केद्र बनी देवी माँ के दर्शन के लिए दूर दूर से लोगों ने आकर प्रसाद चढाया तथा मन्नतें मांगी। जनपद में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर नवरात्र पर माँ महागौरी का पूजन कर दिनभर भंडारे चलते रहे।

देर रात्रि में अनेक स्थानों पर दुर्गासप्तशती का पाठ पूर्ण होने पर हवन यज्ञ किया गया। वहीं पाबला में

समाजसेवी सुखबीर सिंह द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण कराया जिसमें गांव के लोगों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया। इस मौके पर सुखबीर सिंह, किरण देवी, शैलेष धामा, पूनम देवी, शैलेन्द्र, अखिल धामा, विनय चौकन आदि समेत गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# देवास क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन ,भास्कर एकेडमी की टीम 132 रन से जीती

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**अमीनगर सराय।** हिसावदा में स्थित देवास क्रिकेट अकादमी में अंडर- 12 की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ देवास पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर शांतनु मलिक, मेरठ मारविकस व उत्तर प्रदेश की अंडर 16 क्रिकेट टीम के टीम मैनेजर विनय चौधरी तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओमकार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच भास्कर क्रिकेट अकादमी और गेटवे क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए भास्कर अकादमी ने 189 रन का स्कोर में फैसल के 39 सुफियान के 31 शिवांश के 27 और नवाजिश के 21 रनों का योगदान रहा।गेटवे टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वरुण ने 3 संयम ने 2 और संभव ने 1 विकेट प्राप्त किया । जवाब में बल्लेबाजी को उतरी गेटवे की टीम 57 रन ही बना सकी, जिसमें सर्वाधिक समर ने 14 रन बनाए। भास्कर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अयान फैसल और शाह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये तथा सुफियान ने 1 विकेट प्राप्त किया । भास्कर अकैडमी ने गेटवे को 132 रन से हरा दिया । मैच का मैन ऑफ द मैच शाह फैसल को चुना गया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विजय यादव सर और वाइस चेयरमैन शालू मैडम ने दिया।इस अवसर पर देवास क्रिकेट अकादमी के कोच निखिल शर्मा सुमित शर्मा प्रतीक तोमर शाहबाज सादिक और सुधीर आर्य आदि भी उपस्थित रहे।

# मनपसंद साड़ी लाने को लेकर बढ़े विवाद में पत्नी को हथौड़े से मौत के घाट उतारने वाला दरिंदा गिरफ्तार

**संवाददाता सीआर यादव**

**अमीनगर सराय।** मनपसंद साड़ी लाने को लेकर विवाद इतना बढा कि, पति ने गुस्से में आकर पत्नी के सर में हथौड़े से वार कर लहूलुहान कर दिया तथा बच्चों के चिल्लाने पर मौके से फरार हो गया। अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई।



क्षेत्र के रामनगर गांव में पति पत्नी के विवाद में पति ने गुस्से में आकर उसके सर में हथौड़ा मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को मेरठ के निजी अस्पताल लेकर गए ,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

रामनगर गांव के रहने वाले कपिल पुत्र विजय सिंह का अपनी पत्नी संगीता के मनपसंद साड़ी लाने को लेकर विवाद हो गया था। बाद में यह विवाद इतना बढ़ गया कि कपिल ने घर में रखे हथौड़े से पत्नी संगीता के सर में कई बार वार किए और लहूलुहान हालत में छोड़कर घर से भाग गया। वहीं मां की लहूलुहान हालत देखकर संगीता के तीनों बच्चो में चीख पुकार मच गई, जिस पर आसपड़ोस के लोग इकट्ठा हो गये और महिला को मेरठ के निजी अस्पताल लेकर गए ,जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मानपुर थाना भावनपुर के रहने वाले उसके भाई को दी गई। दूसरी ओर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा देर रात शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतका संगीता के भाई सुशील की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक एम एस गिल ने बताया कि, आलाकत्ल हथौड़े को बरामद कर लिया गया है। आरोपी कपिल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चुनावी तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, कमीशनिंग हाल में मोबाइल लेकर प्रवेश रहेगा वर्जित



**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** शलोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र ,निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जनपद की विधानसभा सीट छपरौली, बडौत व बागपत के लिये लख्मीचंद पटवारी डिग्री कॉलेज खेकड़ा में बने कमीशनिंग हॉल का जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया निरीक्षण। संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रहे मौजूद।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए की कोई भी कमीशनिंग हॉल में मोबाइल लेकर नहीं जाएगा । मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# स्कूल से टीसी लेने की जिद पर शिक्षक और अभिभावक भिड़े, मारपीट व गाली गलौज का आरोप, दी तहरीर

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** क्षेत्र के मुकंदपुर ओगटी गाँव के जूनियर हाईस्कूल से अपने बच्चों के दूसरे स्कूल में प्रवेश हेतु टीसी लेने गए पिता को शिक्षक ने टीसी देने से मना कर दिया। दोबारा टीसी के लिये कहने पर शिक्षक ने उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया तथा विरोध करने पर जमकर मारपीट भी की। पीडित ने घटना की तहरीर बालैनी थाने पर दी है।

मुकंदपुर ओगटी गाँव निवासी दलित युवक बाबूराम के बच्चे गाँव के ही जूनियर हाईस्कूल में पढते हैं। गत शुक्रवार को बाबूराम अपने दो बच्चों की टीसी लेने के लिये स्कूल गया था। आरोप है कि, बाबूराम ने जब स्कूल के शिक्षक से टीसी काटने के लिए कहा, तो उसे मना कर दिया तथा शिक्षक ने कहा कि यह स्कूल 8 वीं तक है, उसके बाद ही टीसी मिलेगी। अभिभावक बाबूराम ने दोबारा कहा ,तो शिक्षक ने उसको जातिसूचक अपशब्द कहे, जिसका पीडित ने विरोध किया। इस दौरान उसके साथ जमकर मारपीट की और कहा कि, अगर तूने किसी से शिकायत की ,तो जान से मार दिया जाएगा।

पीडित पिता ने बताया कि,वह तभी से घबराया हुआ था ,इसलिये कहीं शिकायत नहीं की। उसने दावा किया कि, शिक्षक की गाली-गलौच की वीडियो भी उसके पास है। पीडित ने सोमवार की शाम घटना की तहरीर बालैनी थाने पर दी है।थाना प्रभारी साक्षी सिंह का कहना है कि, मामले की जांच की जा रही है तथा जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रूपल राणा ने जनपद का नाम रोशन करते हुए यूपीएससी में पाया 26 वां रैंक , बधाई देने वालों का लगा तांता

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** नगर की चौधरान पट्टी में स्थित जसवीर राणा की पुत्री रूपल राणा ने यूपीएससी की सिविल परीक्षा में 26 वां रैंक प्राप्त कर जिला बागपत का नाम किया रोशन । परिवार में बधाई देने वालों का लगा तांता। इस मौक पर रूपल राणा से बातचीत की गई, तो उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता को दिया ।



दरअसल आपको बता दें कि, अभी कुछ दिन पहले ही उनकी माता अंजू राणा का बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था लेकिन इसके बावजूद भी रूपल राणा ने अपना हौसला नहीं खोया और अपनी माता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यूपीएससी में 26 वन रैंक प्राप्त किया। आपको बता दें कि ,रूपल राणा के पिता जसवीर राणा दिल्ली पुलिस में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं।

रूपल राणा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में और नगर के चौधरान पट्टी में खुशी की लहर दौड़ गई।जब जसवीर राणा से बातचीत की गई ,तो उन्हें बताया कि, रूपल राणा बचपन से पढ़ने में होशियार और लगनशील रही ।

## ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने किया सपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार , गांवों में मांगे वोट

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** छपरौली क्षेत्र में सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को मजबूती दिलाने के लिए ब्राह्मण समाज हुआ सक्रिय। आधा दर्जन से अधिक गांवों में व्यापक जनसंपर्क कर इसबार चुनाव में साइकिल चलाने यानि सपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।



ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में संसदीय क्षेत्र के लूम्ब किरठल, नांगल रमाला, बिराल आदि गांवों में सपा प्रत्याशी के समर्थन में जोरदार प्रचार किया तथा कहा गया कि, सामान्य परिस्थितियों में ही नहीं विपरीत हालात में भी सहयोगी और समर्थकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की क्षमता और विशेषता सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा की है। जनप्रतिनिधि का अच्छा और प्रशंसनीय अनुभूव वाले सपा प्रत्याशी से विकास की राह आसान होगी।

इस अवसर पर पवन शर्मा, लोकेश कुमार यशबीर सिंह, जगबीर, राजेन्द्र शर्मा आदि ने कहा कि, सपा प्रत्याशी को कांग्रेस का समर्थन होने से सोने में सुहागे का काम करेगा जिससे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास भी दिखाई देगा।

## फजलपुर मेले में दूसरे दिन भी उमडा आस्था का सैलाब , बच्चों व महिलाओं द्वारा मेले में खरीदारी तथा मनोरंजन

**••ईनामी दंगल में विजेता पहलवानों को दिया नकद पुरस्कार**

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** फजलपुर सुंदरनगर गांव के मा भगवती देवी मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार को दूर दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माँ भगवती के दरबार में प्रसाद चढ़ाकर मुराद पूरी करने की कामना की।



मेले में कई प्रांतों से आए महिलाओं व बच्चों ने कई तरह के झूलों, ड्रेगन ट्रेन, वाटर पूल आदि पर बैठकर जमकर मनोरंजन किया तथा खरीददारी भी की। आसपास के गांवों से महिलाएं ट्रैक्टर ट्राली व भैसा बैल बुग्गी में बैठकर गीत गाती हुई मेले में पहुंची। किन्नर ने भी पूजा व आरती की तथा मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगी।

इस अवसर पर हुए ईनामी दंगल में कई जनपदों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांवपेंच दिखाए। आयोजकों ने विजेता पहलवानों को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। इंस्पेक्टर एमपी सिंह के निर्देशन में पुलिस बल के जवानो ने व्यवस्था दुरुस्त रखी। आयोजन में मंदिर समिति अध्यक्ष चरण सिंह शर्मा, प्रबंधक मा अरुण कुमार अरोरा, मेला संयोजक व ग्राम प्रधान सुधीर राजपूत, ब्रह्मदत्त शर्मा, सतीश पाल, हरिमोहन शर्मा, विपिन अरोरा, रामपाल तोमर, विपिन तोमर, अमित तितरोदा, महेश शर्मा, ओमेंद्र, सुशील आदि का सहयोग रहा।

## फुगाना में ससुरालियों द्वारा बंधक बनाई गई विवाहिता को छुडाने गए भाई भाभी पर हमला, पथराव कर कार को भी किया क्षतिग्रस्त

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** ससुराल में बंधक बनाकर रखी जा रही विवाहिता को बंधन मुक्त कराने गए भाई और भाभी पर ससुराल वालों ने हमला बोल दिया। पथराव कर उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।



क्षेत्र के बसी गांव की एक युवती की शादी 11 साल पहले मुजफ्फरनगर के फुगाना थाना क्षेत्र के गढी गांव में हुई थी। शादी के बाद विवाहिता ने दो बच्चों को जन्म दिया। विवाहिता का आरोप है कि ,अब ससुरालिए उसे पर मायके से नगदी लाने का दबाव बना रहे हैं। असमर्थता जताने पर उन्होंने उसके साथ बहुत मारपीट की तथा बच्चों के साथ उसे बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया व खाने को भी कुछ नहीं दिया।

कहा कि, पता चलने पर उसके भाई और भाभी उसे बंधन मुक्त कराने के लिए आए ,तो ससुराल वालों ने उनकी भी पिटाई कर डाली। पथराव कर उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। भाई के कहने पर गांव के प्रबुद्ध लोगों ने इकट्ठा होकर उसे बंधन मुक्त कराया और भाई के साथ मायके भिजवाया। कोतवाली प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि ,विवाहिता और उसके भाई की तहरीर मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का घरों में हुआ पूजन,पादप्रक्षालन, कराया भोजन व दिए उपहार

*••कन्याओं की घटती संख्या का सच आया सामने, एक ही कन्या को कई घरों में जाना पड़ा*

*•• कन्याओं की संख्या 9-11 पूरी करने में श्रद्धालुओं को करनी पडी मशक्कत*

*संवाददाता शशि धामा*

*खेकडा।दुर्गा अष्टमी पर* मंगलवार को कस्बे के घर घर में कन्याओं को देवी स्वरूपा मानकर भोजन कराया गया। श्रद्धालु महिलाओं ने एक दूसरे के घरों में जाकर बालिकाओं को अपने घर आने का न्यौता दिया और प्रेमपूर्वक चरणों को धोकर पूजन किया और भोजन कराया तथा प्रसन्न मन गिफ्ट देकर आरती भी उतारी। परिवारी जनों ने छोटी सी कन्याओं के पैर छूकर दान दक्षिणा देकर विदा किया।



सवेरे से दोपहर तक कस्बे के प्रत्येक मोहल्ले में कन्याओं को भोजन कराने का आयोजन चलता रहा। श्रद्धा भाव से देवी भक्तों ने उनको प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।इस दौरान कन्याओं की घटती संख्या या भ्रूण हत्या का सच भी सामने आया ,क्योंकि मां दुर्गा का स्वरूप कन्याओं को भोजन कराने के लिए लोगो को 11 या 9 बालिकाओं की संख्या पूरी करने के लिए कडी मशक्कत करनी पडी। कई बालिकाओं को श्रद्धालुओं की संख्या पूरी करने के लिए बार बार घर परिवारों में जाकर भोजन करना पडा।

# प्रवचन,परनिंदा के त्याग से ही जीवन बन सकेगा सुखी:ज्ञान भूषण

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** जैन संत आचार्य ज्ञान भूषण महाराज ने कहा कि, दूसरों की निंदा व चुगली करने वाला मनुष्य सदा दुखी रहता है। मंगलवार को बिनौली के श्री दिगंबर जैन पुराना मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए उन्होंने कहा कि ईर्ष्या जलन के कारण हम दूसरे में बुराई देखते हैं, उन्हें हीन समझने लगते हैं। गुणों पर पर्दा डालकर अवगुण प्रकट करना ही पर की निंदा कहलाता है।



उन्होंने कहा,निंदा करने वाला व्यक्ति दूसरों की निंदा कर स्वयं को महान समझने की कोशिश करता है। यह जानते हुए भी कि, मैं स्वयं में अवगुण धारण किए हुए हूं। अपने आपमें अपने को ऊंचा समझने का निरर्थक प्रयास करता है। कहा,निंदा चुगलखोरी करने वाला व्यक्ति दर दर की ठोकर खाता है, इसलिए निंदा से बचो। प्रेम भाव मन में जगाओ। कहा कि, प्रेम हृदय में आत्मसात् करने से मनुष्य जीवन सुखमय बन जाएगा।

इससे पूर्व मुलसम से पदविहार कर बिनौली पहुंचने पर जैन संत का बैंडबाजों के साथ समाज के लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान रविंद्र जैन, नीरज जैन, अरुण जैन, गौरव जैन, मनोज जैन, जिवेंद्र जैन, अनुज जैन, नीलू जैन, छवि जैन, नेहा, साक्षी जैन, सूरज बैंसला, अरुण त्रिपाल धामा आदि मौजूद रहे।

# कस्बे में व्यापार मंडल की इकाई का विस्तार, संजय वर्मा बने नगर अध्यक्ष, 26 अप्रैल को मतदान हेतु किया आह्वान

**संवाददाता मो जावेद**

**छपरौली।** कस्बे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल इकाई का किया गया विस्तार । नवनियुक्त पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव में 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करने के लिये कस्बावासियों से किया आह्वान ।



सोमवार की देर रात कस्बे के व्यापारियों ने एक बैठक आयोजित करते हुए पशिचमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल का विस्तार करते हुए व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन ने कस्बे के संजय वर्मा को नगर अध्यक्ष पद पर डा तेजबीर को संगठन मंत्री , सुखपाल सिंह को सचिन ,सोनू जैन को उपसचिव एवं ज़ुबैर अहमद को मीडिया प्रभारी सहित कृष्णपाल उपाध्याय को सहमीडिया पद पर नियुक्त किया है ।

जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यापार मंडल संगठन से सभी व्यापारियों की ताकत बढ़ती है । सभी को अपने हित के लिए संगठित रहना चाहिए। संगठन में जल्दी ही अभी ओर विस्तार किया जाएगा ।नवनियुक्त नगर अध्यक्ष संजय वर्मा ने बैठक में कहा कि, व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को सच्चाई के साथ चलाएं जिससे कोई भी अधिकारी व्यापारियों को तिरछी नजर से न देख पाये ,कोई ऐसा कार्य न करें ,जो संवैधानिक न हो ओर अपने प्रतिष्ठान को सिर उठाकर सम्मान के साथ चलायें । कहा कि,अगर इसके बावजूद भी कोई अधिकारी व्यापारियों को अनावश्यक परेशान करता है ,तो व्यापार मंडल उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे । बैठक के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भारत का गौरव मतदान बैनर के साथ कस्बे के लोगों से 26 अप्रैल को लोकसभा सदस्य के चयन हेतु बढ़ चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर सुधीर कुमार, राहुल कुमार, नरेन्द्र ,राजू, पप्पू जैन, सोहनपाल जैन संजय जैन , मोनू जैन, अंकित जैन, आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।